आपके निर्विरोध चुने जाने पर, हम भारतीय जनता पार्टी के नेता माननीय राजेन्द्र कुमार गुप्त जी, माननीय ओम प्रकाश सिंह जी, माननीय राम प्रकाश त्रिपाठी जी के प्रति भी आभार व्यक्त करते हैं और उन्हें धन्यवाद देते हैं। कांग्रेस पार्टी के नेता माननीय प्रमोद तिवारी जी, उनको मैं विशेष धन्यवाद देता हूं और उनका आभार व्यक्त करता हूं, इस उच्च पद की जो परम्परायें हैं उनको कायम रखने में आपने बड़ी सूझबूझ का काम किया है और बड़ी मेहनत की है, सबको विश्वास में लेकर काम किया है। माननीय प्रमोद तिवारी जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। माननीय मुख्तार अनीस, माननीय किरन पाल सिंह जी, जनता दल के सभी सदस्यों का, विशेषकर मुख्तार अनीस जी और माननीय किरन पाल जी को मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। कम्युनिस्ट पार्टी के नेता माननीय मित्रसेन जी उनको भी मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं और उनका भी आभार व्यक्त करता हूं। सी०पी०एम० के नेता उपस्थित नहीं रहे लेकिन जहां भी रहे उन्होंने अपने संदेश से पूरा सहयोग दिया। माननीय काशी सिंह ऐरी और जनता पार्टी के महबूब अली–आप सबका भी बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। माननीय राम आसरे वर्मा जी इस सदन के उपाध्यक्ष रह चुके हैं वरिष्ठ नेताओं में से हैं। उन्होंने भी अपना समर्थन–सहयोग दिया इसके लिये मैं उनका भी बहुत आभारी हूं। इसी के साथ मैं माननीय सदन के सभी सदस्यों का आभारी हूं कि उनके सहयोग और समर्थन से वातावरण बना, जिसकी देश के कम लोगों को आशा थी कि उत्तर प्रदेश में इस उच्च पद पर आप निर्विरोध निर्वाचित होंगे। हमें टेलीफोन के माध्यम से और तरीकों से सूचनायें मिलती थी, लोग बात करते थे, किसी को आशा नहीं थी। लेकिन, इस सदन के सभी नेताओं ने और सभी माननीय सदस्यों ने, जो लोकतंत्र की मर्यादा थी, महान परम्परायें थीं, उनको कायम रखा। मुझे आशा है कि आपके इस पद पर विराजमान होने से संसदीय लोकतंत्र की जड़े मजबूत होंगी।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं पुनः आपको बधाई देता हूं।

* श्री राजेन्द्र कुमार गुप्त–

माननीय अध्यक्ष जी, मैं अपनी ओर से और अपने दल (भाजपा) की ओर से विधान सभा अध्यक्ष के गौरवशाली पद पर, सर्वसम्मति से चुने जाने पर आपको हार्दिक बधाई देता हूं। आपकी योग्यता, आपके संसदीय अनुभव, समाज के लिये आपके द्वारा की गयी सेवायें, आपका निष्पक्ष व्यवहार, सब दृष्टि से आपके सर्वसम्मत चयन के लिये योग्य था। पिछले चार टर्नों में आप इस आदरणीय सदन में काम किये हैं। इस सदन में समय-समय पर आपने जो विचार प्रकट किये हैं, उससे आपके संसदीय ज्ञान, संसदीय अनुभव का अच्छा परिचय इस आदरणीय सदन के सभी पुराने सदस्यों को है। मान्यवर, संसदीय लोकतंत्र में अध्यक्ष का स्थान एक अत्यन्त महत्वपूर्ण और गरिमा का होता है। यह हमारे लिये बड़ी खुशी की बात है कि उस स्थान पर आज आप विराजमान हुये हैं, जिस स्थान को राजर्षि पुरूषोत्तम दास टण्डन, बाबू बनारसी दास जी, आत्माराम गोविन्द खेर जैसे लोग सुशोभित कर चुके हैं। आज इस सदन में तीन और महानुभाव भी बैठे हुये हैं, जिन्होंने इस गरिमामय पद को सुशोभित किया है, श्री केशरी नाथ त्रिपाठी, श्री जगन्नाथ प्रसाद, श्री हरी किशन श्रीवास्तव जी, जिन्होंने अपने समय में निष्पक्ष आचरण के द्वारा इस आदरणीय सदन की गौरवशाली परम्पराओं को बढ़ाया है। अभी माननीय केशरी नाथ त्रिपाठी जी का नाम माननीय नेता सदन ने लिया। अभी-अभी इस समय तक वह अध्यक्ष थे, बड़ी कुशलता के साथ, बड़ी योग्यता के साथ और निष्पक्षता के साथ वह इस आदरणीय सदन का संचालन करते रहे हैं, इसके लिये मैं अपनी ओर से और अपने दल की ओर से उनके प्रति कृतज्ञता अर्पित करता हूं और बधाई देता हूं।

मान्यवर, आप बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं और स्वयं अध्यापक रहे हैं। इतना ही नहीं, आपने अनेक विद्यालयों को जन्म देकर, उनकी स्थापना करके महत्वपूर्ण काम भी किया है, आपने विभिन्न आन्दोलनों में भी काम किया है। केवल शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि जनता पर होने वाले अन्याय, उत्पीड़न, शोषण के खिलाफ भी आपकी आवाज उठती रही है। आपका व्यक्तित्व अत्यन्त अनुकरणीय रहा है। जैसा कि मैंने पहले कहा कि अध्यक्ष का पद बहुत ही महत्वपूर्ण है और आप अध्यक्ष पीठ से पक्ष और विपक्ष दोनों के बीच विराजमान रहकर, निष्पक्षता के साथ इस आदरणीय सदन का कुशल संचालन करते रहेंगे, इसका मुझे पूर्ण विश्वास है। मैं इस अवसर पर यह वचन देता हूं कि इस आदरणीय सदन के संचलन में मेरी ओर से और मेरे दल की ओर से आपको सदा पूर्ण सहयोग मिलता रहेगा और कभी भी हमारी ओर से आपको निष्पक्ष संचालन में बाधा नहीं होगी। मैं इसके साथ आपसे अपेक्षा करता हूं, जब अनेक ऐसे अवसर आते हैं, जिस समय व्यवस्था देना एक दुरुह काम होगा, आपका जीवन हमारे सामने हैं, आपके आचरण का अनुभव सामने हैं, उसके बल पर आप पूरे विश्वास के साथ, निष्पक्षता के साथ ऐसी बाधाओं को दूर करेंगे। इसी के साथ मैं एक बार पुनः अपनी ओर से, अपने दल की ओर से इस आदरणीय सदन के कुशल संचालन हेतु आपमें विश्वास प्रकट करता हूं और पूर्ण सहयोग का आश्वासन देता हूं। इन्हीं शब्दों के साथ में आपको इस गौरवशाली पद पर निर्विरोध ही नहीं बल्कि सर्वसम्मति से चुने जाने पर बधाई देता हूं और भगवान से प्रार्थना करता हूं कि जिस विश्वास और आशा के साथ हम लोगों ने आपको इस पद पर चुना है, उसी के अनुसार आप इस सदन की गौरवमयी परम्पराओं को सौहार्द के साथ आगे बढ़ायेंगे, इसके साथ ही आपके नेतृत्व में हम सभी प्रदेश

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

की समस्याओं के निस्तारण के लिए आगे बढ़ते रहें, इसी कामना के साथ मैं आपको पुनः बधाई देता हूं।

पंचायती राज मंत्री (श्री राम लखन वर्मा)–

श्रीमन् आपने इस देश के प्रदेशों में सबसे बड़े प्रदेश की विधान सभा के सदन के अध्यक्ष पद को सुशोभित किया है। मान्यवर, मैं अपने और अपने दल की तरफ से आपको बहुत-बहुत बधाई देता हूं। मान्यवर, आप ऐसी कुर्सी पर विराजमान हुए हैं जिसकी अत्यधिक गरिमा है। आपसे दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और समाज के सारे इन्साफपसन्द लोगों को बहुत उम्मीद है। मुझे विश्वास है कि चूंकि आप गांव के कीचड़ से निकल करके, जमीन से निकल करके सर्वसम्मति से इस कुर्सी पर बैठें हैं। यही नहीं आप सर्वसम्मति से पक्ष और विपक्ष के सारे लोगों की सहमति से इस कुर्सी पर पहुंचे हैं। श्रीमन्, आपकी योग्यता सर्वविदित है, कुछ कहना नहीं है। आपकी योग्यता में कोई कोर-कसर नहीं है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि शांतिपूर्वक इस सदन को चलाने में जो भी सहयोग की जरूरत होगी, मेरा दल (बसपा) आपको सहयोग देता रहेगा। इन शब्दों के साथ मैं पुनः अपनी ओर से और अपने दल की तरफ से आपको बधाई देता हूं और उम्मीद करता हूं कि आप इस प्रदेश को, देश को और समाज को नई दिशा देंगे।

* श्री प्रमोद तिवारी–

अध्यक्ष जी, आपके निर्वाचन पर मैं आपको अपनी और अपने दल (कांग्रेस आई) की ओर से हार्दिक बधाई देता हूं और शुभकामनायें देता हूं। मान्यवर, आप इस गौरवशाली सदन की गरिमामय पीठ पर आसीन हुये हैं। एक किसान को खेत, खलिहान से आकर इस गौरवशाली आसन पर पहुंचने का सौभग्य प्राप्त हुआ है। मैं बधाई देना चाहता हूं सम्पूर्ण सदन को और विशेष रूप से सपा-बसपा गठबन्धन के नेता श्री मुलायम सिंह यादव जी को जिन्होंने किसान के बेटे को उपयुक्त समझकर इस सर्वोच्च आसन पर आसीन किया है। बधाई देना चाहूंगा मैं अपने सभी विरोधी दल के सदस्यों को जिन्होंने आपसी कटुता समाप्त कर, आपसी बिखराव समाप्त करके इस गौरवशाली परम्परा को कायम रखा है, जिसके लिये प्रदेश की विधान सभा को जाना जाता रहा है। आपको सर्वसम्मति से निर्वाचित नहीं किया है बल्कि हृदय से पूरा सहयोग देते हुये किया है। इसलिये मैं आपको विशेष रूप से बधाई देना चाहता हूं। श्रीमन् आप जिस आसन पर आसीन हैं उससे बहुत अपेक्षायें और आशायें भी हैं। आपको इस गौरवशाली परम्परा का निर्वहन करना है। जिस आसन पर आप विराजमान हैं, जिस आसन पर बैठे हैं इस आसन को बहुत से ऐसे नेताओं ने भी सुशोभित किया है जिन्होंने लम्बे राजनैतिक जीवन में प्रदेश का ही नहीं देश का भी नेतृत्व किया है। राजर्षि पुरूषोत्तम दास टण्डन ने भी इस आसन को सुशोभित किया था और उन्होंने भारतीय राजनीति को एक नई दिशा दी। शिक्षक का समाज में महत्वपूर्ण स्थान होता है और आपका सम्पूर्ण जीवन क्षेत्र ही शिक्षक के रूप में बीता है। मुझे पूरा विश्वास है कि इस आसन पर बैठकर आप अपनी पुरानी परम्पराओ का निर्वाह ही नहीं करेंगे बल्कि एक नई दिशा, एक नया आयाम भी स्थापित करेंगे। हमारे दल का पूर्ण समर्थन, पूरा सहयोग आपको है। आपके बारे में इतना ही कह सकता हूं कि जब मैं पहली बार 1980 में इस सम्माननीय सदन का सदस्य बना था तो मैं और आप साथ में आये थे। आपका साथ बड़ा ही सहयोगपूर्ण रहा और आपके विचारों

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नही किया।

ने प्रभावित किया । आपने जब कभी शून्य काल में समस्यायें उठाई वह किसानों की समस्यायें, मजदूरों की समस्यायें उठाई और दलितों की समस्यायें उठाई जिनकी आवाज उठाने वाला कोई नहीं था । विरोधपक्ष में बैठ कर आज जब विरोधी दल के लीग ऐसे लोगों की समस्यायें उठायेंगे तो मुझे विश्वास है कि आपका आशीर्वाद और संरक्षण मिलता रहेगा ।

मान्यवर, आपसे एक आग्रह है, विनती है । पहली बार इस सदन में 174, 175 नये चेहरे चुनकर आये हैं । आप अध्यापक रहे हैं जिस तरह से नये छात्रों को शिक्षा और अनुशासन सिखाते रहे हैं उन्हें प्रोत्साहित करते रहे हैं, मुझे विश्वास है पुराने सदस्यों के मुकाबले नये सदस्य जो पहली बार आये हैं उनको अपनी बात कहने का मौका देंगे ।

मान्यवर, एक बात और कहूंगा प्रधानाचार्य का पद जहां कठोर अनुशासक का होता है, यहां पर भी आप प्रधानाचार्य की कुर्सी पर विराजमान हैं । लेकिन यहां पर उस सख्ती को छोड़ दें, नम्रता के साथ सब को गले लगा कर चलें, यही आपसे प्रार्थना है ।

आप एक अच्छे खिलाड़ी है यह बात बहुत कम लोगों को मालूम होगी कि वालीबाल के राष्ट्रीय स्तर के आप खिलाड़ी रहे हैं । यहां पर भी रोजाना वालीबाल खेलेंगे, कौन खेलेगा यह समय बतायेगा । मुझे विश्वास है कि आप इस सदन को एक अच्छे खिलाड़ी की भावना से चलायेंगे । खिलाड़ी ईमानदार होता है, देश के प्रति समर्पित होता है, अपनी टीम के लिये खेलता है । आज के पहले तक जिस टीम में रहे हैं चाहे स०पा०, बसपा गठबंधन की टीम में रहे हैं लेकिन आज से आपकी टीम में सभी सदस्य हैं और उस टीम के आप कैप्टन है मुझे विश्वास है कि जो खेल हम खेलेंगे वह राष्ट्रीय गौरव का विषय बनेगा, एक आदर्श का विषय बनेगा उसमें कोई कमी नहीं आयेगी ।

सहकारिता आन्दोलन का भी आपने नेतृत्व किया है और सबका सहयोग प्राप्त किया है । इसी तरह से शिक्षा के क्षेत्र में कई विद्यालयों की स्थापना की है । मुझे विश्वास है कि यहां पर भी नये आयाम स्थापति करेंगे और सब के सहयोग की भावना से सब को साथ लेकर सदन को चलने की कृपा करेंगे । माननीय राजेन्द्र गुप्त ने कहा कि निष्पक्ष रहेंगे । मैं कहूंगा कि निष्पक्ष रह कर विरोधी दलों के साथ न्याय नहीं कर पायेंगे निष्पक्ष रहे उधर के लिये जिनकी संख्या अधिक है जिनकी संख्या कम है उनके साथ निष्पक्ष रह कर न्याय नहीं करेंगे । मैं 5वीं बार विधान सभा में आया हूं आपसे आग्रह करूंगा आप कुर्सी सीधी करके न बैठें, इधर की तरफ टेढ़ी करके बैठें, उधर की तरफ भूल कर भी मत देखें, उधर से जो आवाज आये उस पर ध्यान न दें, हम लोग जो इधर बैठे हैं हम लोगों की आवाज सुनें माननीय बेनी प्रसाद जी की आवाज बिलकुल मत सुनियेगा क्योंकि उनकी बात गलत होती है और हम लोगों की बात सही होगी, हम सही बतायेंगे । आप निष्पक्ष होकर न बैठे हम लोगों का पक्ष लेकर बैठें कमजोर और दीन दुखी लोगों के साथ तभी न्याय होगा । इन शब्दों के साथ मैं अपनी शुभकामनायें अर्पित करता हूं ।

मैं अपने कर्तव्य का पालन नहीं करूंगा, यदि मैं माननीय केशरी नाथ त्रिपाठी जी के संदर्भ में दो शब्द नहीं कहूंगा । उनका अध्यक्ष का कार्यकाल एक आदर्श रूप में याद किया जायेगा और उनको हमेशा सम्मान दिया जाता रहेगा । उनके कार्यकाल में कभी नहीं लगा कि उन्होंने सत्ता पक्ष और विपक्ष में कोई भेद किया । उसका मूल कारण यही था कि उन्होंने कभी राजेन्द्र कुमार गुप्त जी की बात को ही सही मान कर चलना चाहिये, उचित नहीं समझा उनकी गलत बात को स्वीकार नहीं किया । इस भावना से माननीय केशरी नाथ त्रिपाठी जी यहां पर रहे हैं ।

इन शब्दों के साथ एक बार पुनः मैं आपको शुभकामनायें प्रदान करते हुए श्री मुलायम सिंह यादव जी को बधाई देता हूं कि उन्होंने किसान के बेटे को प्रदेश के सर्वोच्च आसन पर बिठाया है। इसके साथ ही साथ मैं सभी विभिन्न दलों के नेताओं को भी बधाई देता हूं कि उन्होंने उत्तर प्रदेश विधान सभा की गौरवशाली परम्परा को कायम रखा और सर्वसम्मति से ही नहीं बल्कि हृदय से इस सर्वोच्च आसन पर एक ऐसे आदमी को बिठाया है जो गांव के खेत, और खलिहानों और गरीब आदमियों से परिचित एवं व्यवहारिक है। मैं अपने दल की ओर से और उत्तर प्रदेश की जनता की ओर से आपको शुभकामनायें अर्पित करता हूं।

*श्री मुख्तार अनीस–

माननीय अध्यक्ष महोदय, इस विधान सभा के अध्यक्ष चुने जाने पर मैं अपनी ओर से अपने दल (जनत दल) की ओर से आपको हार्दिक बधाई देता हूं। वर्ष 1980 में जब आप पहली बार चुनकर आये थे जब मेरा और आपका इस विधान सभा में साथ हुआ था और दोनों ही एक ही दल के थे और आज भी विचारधारा के हिसाब से हम में और आप में कोई फर्क नहीं है।

मान्यवर, आपका सौम्य व्यक्तित्व, सरल स्वभाव, आपकी पकड़ और समझ यह सब बातें जो उस आसन पर बैठने वाले व्यक्ति में होनी चाहिए वह सब आप में मौजूद हैं। इसलिए मुझे खुशी है कि हम सभी ने सर्वसम्मति से आपको इस सदन का अध्यक्ष मनोनीत किया है।

मैं नेता सदन श्री मुलायम सिंह यादव जी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने आप जैसे योग्य और कुशल नेता को इस सदन का अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव दिया जिसका हम सभी लोगों ने समर्थन किया हैं। हम सभी लोगों ने जो यहां बैठे हैं, आपको इस सदन का अध्यक्ष चुना है और हम सभी आपको हार्दिक बधाई देते हैं।

मान्यवर, इस सदन को आपसे बहुत आशायें हैं कि इस लोकतंत्र मे इस सदन के अन्दर जो गरीब, पिछड़े और दलित वर्ग से जो लोग चुनकर आये हैं उनकी बातों को सुनने का आप अवसर देंगे। आप जिस आसन पर बैठे हैं यह प्रदेश का सर्वोच्च आसन है और आप इस आसन से हमारी सुरक्षा करेंगे तथा माननीय मुख्य मंत्री और उनके मंत्रियों को अपने आचरण से दबाने का प्रयत्न करेंगे चूंकि आप प्रधानाचार्य रहे हैं। इस सदन को कुशलतापूर्वक चलाने में हम सभी आपको सहयोग देने के लिये तैयार हैं लेकिन आपसे हम लोग चाहते हैं कि हमारी बातों को यहां सुना जाए। जो जनता की समस्यायें हैं, यहां उठायें तो आपका आशीर्वाद हमारे साथ होना चाहिए उनके (सत्ता पक्ष) साथ नहीं। मान्यवर, राम मनोहर लोहिया जी ने कहा था कि लोकतंत्र का आधार है तर्क और तर्क का आधार है सत्य। सदन के अन्दर जब हमें सत्य उजागर करने का मौका मिलेगा तो मैं अपने दल की ओर से आपको आश्वासन देता हूं कि हम लोग वेल के अन्दर नहीं जायेंगे। कोई भी गंभीर परिस्थितियां न पैदा हों, यदि ऐसा संचालन इस सदन का होगा तो हम लोग वेल में नहीं जायेंगे।

मान्यवर, आज जो वातावरण इस प्रदेश का है वह दूषित है..... । वह थोड़ा प्रदूषित है, लेकिन इस वातावरण में आपका सर्वसम्मति से चुना जाना, आपको पूरा विश्वास देना, इस बात का प्रदर्शन करता है कि हम लोग आप से तर्क-वितर्क करते हुए और अलग-अलग पार्टी में रहते हुए भी

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

किसी एक बिन्दु पर सहमत हो सकते हैं । इसलिए मैं आपका पुनः अभिनन्दन करता हूं और इसका पटाक्षेप करते हुए अपने पूर्व विधान सभा अध्यक्ष श्री केशरी नाथ त्रिपाठी जी के बारे में भी कुछ कहना चाहता हूं जो आज यहां इस समय हमारे बीच मौजूद हैं । मैं उस समय विधान सभा में नहीं था, किन्तु जिस योग्यता और निष्पक्षता पूर्वक वह इस सदन का संचालन किया करते थे, वह हम लोग समाचार पत्रों के माध्यम से पढ़ा करते थे, सब मालूम होता रहता था । आप एक योग्य अध्यक्ष थे और मैं आशा करता हूं कि मान्यवर, आप भी उन्हीं परम्पराओं का कुशलतापूर्वक निर्वहन करेंगे । मान्यवर, आप उस जिले से जीत कर आये हैं, जिस जिले के अध्यक्ष ने इस प्रदेश की विधान सभा में प्रथम बार अध्यक्षता की है । मैं आपका ध्यान नफीसुल हसन साहब की ओर ले जाना चाहता हूं । वह इस सदन में एक बहुत योग्य अध्यक्ष थे, और उनके साथ ही इस सदन में माननीय पुरूषोत्तम दास टंडन भी अध्यक्ष हुए हैं, जो आज हमारे बीच नहीं हैं, उनका नाम सदैव सम्मान से लिया जाएगा । साथ ही बनारसीदास जी और खेर साहब भी यहां अध्यक्ष रहे हैं । इन सबकी महिमा अपार थी । मान्यवर, मैं पुनः आपको बधाई देता हूं और एक बार पुनः आपसे आशा करता हूं कि आपके संरक्षण में हमारे लोकतंत्रीय अधिकारों का कभी हनन नहीं होगा । आपको पुनः बहुत-बहुत धन्यवाद ।

श्री अध्यक्ष–

श्री राम आसरे वर्मा जी ।

लोक निर्माण तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)–

मान्यवर, ऊदल जी खड़े हो गये हैं, अब उनको अवसर दीजिए । उनके दल से तो हो गया ।

श्री अध्यक्ष–

मैंने इसलिए बुला लिया है कि जनता दल नेता की तरफ से नाम नहीं आया है इसीलिए मैंने उनको भी बुला लिया है । अब मैं ऊदलजी से आग्रह करूंगा ।

श्री ऊदल–

आप ऐसे ऊच्चासन पर सर्वसम्मति से चुने गये, मुझे और हमारे दल (भाकपा) के लोगों को इस पर महान खुशी है । मान्यवर, यह पद बहुत ऊंचा है, जिसका जिक्र माननीय नेताओं ने किया । आपने मान्यवर, शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही काम किये हैं और अग्रणी रहे हैं और उसके साथ-साथ आपकी इस विधान सभा में दलितों, किसानों और मजदूरों के हितों पर जब कभी किसी प्रकार की चोट शासन के द्वारा या शासन के अधिकारियों द्वारा पहुंचाई जा रही थी, तब आपने मुखर होकर उनके पक्ष में आवाज को यहां मुखरित किया है और आपने हमेशा उनके पक्ष को लेकर लड़ाई लड़ी है । मैं आपको इस गरिमामय पद पर चुने जाने पर बधाई देता हूं । मान्यवर, मैं वचन तो नहीं देता कि हमारे दल का पूरा सहयोग आपको मिलेगा, क्योंकि यह तो कार्यों से मालूम होगा कि हमारे दल ने आपको सहयोग किया या नहीं । इसलिए मान्यवर, इस मौके पर मैं यही कहना चाहता हूं कि हमारी विधान सभा हिन्दुस्तान में, भारत में सबसे बड़ी विधान सभा है और यहां का अनुकरण अन्य प्रदेशों के लोग किया करते हैं । जनतान्त्रिक प्रणाली में इस विधान सभा का बहुत महत्व है । आपके कुशल संचालन में इस प्रदेश की प्रगति होगी, किसानों और मजदूरों के हितों की रक्षा होगी और यहां जो माननीय सदस्य हैं उनके हितों की रक्षा आप करेंगे, यह हमारी आपसे आशा है और मैं आपसे यह भी आशा करता हूं कि जो भी माननीय सदस्य जन समस्याओं को यहां पर उठायेंगे, उनको आपका संरक्षण प्राप्त रहेगा । इसलिए मान्यवर, मैं अपनी ओर से और अपने दल की ओर से आपको सर्वसम्मति से चुने जाने पर बधाई देता

हूं और आपका हार्दिक अभिनन्दन करता हूं और उम्मीद करता हूं कि इस प्रदेश की प्रगति में आपका मार्ग दर्शन प्रदेश के दलितों, किसानों और मजदूरों को मिलता रहेगा। धन्यवाद।

श्री काशी सिंह ऐरी–

मान्यवर, आपको इस सदन के अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से चुने जाने पर मैं और मेरा दल (उत्तराखण्ड क्रान्ति दल) आपको बहुत-बहुत बधाई देता है। और जैसा कि कई माननीय नेताओं ने कहा है कि यह सर्वसम्मति चुनाव ही नहीं बल्कि सारे सदन के सभी माननीय सदस्यों ने आपको अंपने हृदय से अपना विश्वास दिया है। इसके लिये मैं माननीय नेता सदन को भी बधाई देता हूं विशेषतौर पर इस बात के लिये कि उन्होंने एक किसान के बेटे को, एक झोपड़ी में रहने वाले व्यक्ति को, और झोपड़ी के दर्द को समझा। गरीब किसान का दर्द समझा और इस उत्तरदायित्वपूर्ण आसन पर बैठाया। आज जब मैं अखबार पढ़ रहा था तो उसमें लिखा था "पुरवासुजान की झोपड़ी से विधान सभा की कुर्सी तक का सफर"। जैसा कि कई माननीय नेताओं ने कहा और मैं समझता हूं कि इस माननीय विधान सभा में इस वर्ष कई माननीय सदस्य नये चुनकर ही नहीं आये बल्कि उन क्षेत्रों से, उन इलाकों से आये हैं जो वास्तव में प्रदेश में पिछड़े हुए हैं और इस प्रदेश की बेरोजगारी, प्रगति के लिये ज्यादा चिन्तित हैं। मैं आपसे निवेदन के साथ यह भी अपेक्षा करूंगा कि आपके द्वारा इनकी आवाज को सुनने का मौका मिलेगा। पिछड़े वर्ग को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। यह विधान सभा अपनी परम्परा के अनुसार कार्य करेगी गरीबों, दलितों, किसानों सबकी प्रगति के लिए कार्य करेगी। मान्यवर, मैं यह भी कहना चाहता हूं कि आप शिक्षा जगत से जुड़े हैं और सहकारिता से भी जुड़े हैं और यह दोनों ऐसे क्षेत्र हैं जो सामाजिक प्रगति के लिये कारगर साधन रहे हैं। आपसे उम्मीद करते हैं कि आपके दिशा निर्देशन में इस क्षेत्र में सहयोग मिलेगा और हमारा इस देश में अग्रणी पंक्ति में आयेगा। आपसे यह निवेदन है कि जो कमजोर लोग हैं चाहे नये सदस्य के रूप में हों, कमजोर इलाकों, तबकों से चुनकर आये हैं उनकी बात सुने, उनकी वाणी के मुताबिक काम हो। ऐसी व्यवस्था आपके कुशल नेतृत्व में इस विधान सभा को प्राप्त होगी। पुनः मैं आपको इस सुशोभित पद पर, गौरवशाली पद पर सर्वसम्मति से चुने जाने पर बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

* श्री राम स्वरूप–

माननीय अध्यक्ष जी, आपको सर्व सम्मति से चुने जाने पर अभिनन्दन करते हुए बधाई देता हूं और यह आशा करता हूं कि इस पद की गरिमा बनाये रखने में सहयोग देंगे। किसानों और मजदूरों का सहयोग जैसा कि आप करते आये हैं, उसी प्रकार करते रहेंगे। मैं पुनः आपको बधाई देता हूं। आपका हार्दिक अभिनन्दन करता हूं। अपनी बात यहीं समाप्त करता हूं।

श्री अध्यक्ष–

निर्दलीय सदस्य कुछ बोलना चाहते हैं ?

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

* श्री अतीक अहमद–

मान्यवर, मैं निर्दलीय सदस्यों की ओर से और स्वयं अपनी ओर से आपको बहुत-बहुत बधाई देता हूं और साथ में उन सभी दलों को विशेषकर विपक्ष में बैठे लोगों का पहला अच्छा आचरण था इसके लिए मैं उनको मुबारकबाद देता हूं, पूरे सदन को बधाई देता हूं कि इस पद की गरिमा को बनाए रखा । अध्यक्ष महोदय का संरक्षण सभी सदस्यों को प्राप्त होता है । माननीय अध्यक्ष जी ने तमाम दलों के साथ-साथ निर्दलीय को भी अवसर दिया है इसी तरह हमेशा विशेष कृपा दृष्टि निर्दलीयों पर बनाए रखें । धन्यवाद ।

श्री अध्यक्ष–

माननीय नेता सदन, माननीय उप नेता विरोधी दल, माननीय नेता कांग्रेस पार्टी, माननीय नेता जनता दल, माननीय नेता कम्युनिस्ट पार्टी, माननीय नेता मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, माननीय नेता उत्तरांचल और सभी माननीय सदस्य, मैं सबसे पहले आप सभी साहिबान को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं और आभार प्रकट करता हूं कि आपने देश के सबसे बड़े प्रदेश की गरिमामयी कुर्सी पर सर्वसम्मति से मुझे बैठाने का कार्य किया । मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह मुझे शक्ति प्रदान करे जिससे इस गरिमामय सदन को सुचारु रूप से संचालित कर सकूं और साथ ही साथ पक्ष और विपक्ष के किसी भी माननीय सदस्य को यह कहने का किंचित मात्र भी संदेह न हो सके कि मैंने कोई पक्षपातपूर्ण निर्णय लिया है ।

(दोनों पक्षों की तरफ से तालियां बजाई गई)

सचमुच आज इस सदन की जो स्थिति है उस स्थिति में इस पद के लिए सर्वसम्मति से चुनाव किया जाना अपने आप में एक इतिहास बनेगा और उदाहरण भी पेश होगा । जिस तरह से आप लोगों ने मुझे अपना विश्वास दिया है मैं विश्वास दिलाना चाहता हूं मेरी ओर से उन सारी परम्पराओं का उन सारे आदर्शों का पूरा-पूरा पालन किया जाएगा । जिन आदर्शों और परम्पराओं को हमारे माननीय श्री टंडन जी ने हम सब के लिए छोड़ा है । टंडन जी के आदर्श, उनके निर्णय उनकी परम्पराएं एक इतिहास बन चुके हैं जो सदैव देश के लिए ही नहीं विदेश के लिए भी सदन के संचालन के लिए एक इतिहास बने हैं । जिस तरह से माननीय टंडन जी ने कहा था कि यदि सदन का कोई भी सदस्य पक्षपात के लिए उंगली अगर उठा देगा तो मैं सदन से इस्तीफा दे दूंगा । उसी तरह से मैं आप सब लोगों को आश्वासन देना चाहूंगा कि यदि मेरे निर्णय के प्रति हमारे किसी माननीय सदस्य ने उंगली उठा दी तो निश्चित तौर पर मैं इस पद से इस्तीफा दे दूंगा । साथ ही साथ मैं यह भी अपेक्षा करता हूं कि आज की जो परिस्थितियां हैं, यह सही है कि इन परिस्थितियों को लेकर जनता से चुनकर आने वाले हमारे माननीय सदस्यगण जिनसे जनता को बहुत बड़ी अपेक्षाएं हैं सदन में अपने-अपने क्षेत्र की और प्रदेश की बहुत सी समस्याएं रखने का प्रयास करेंगे । मैं अवश्य यह चाहूंगा कि वे सारी समस्याएं रखी तो जाएं लेकिन इस बात का ख्याल रखें कि किस समय किस प्रकार उनको प्रभावी ढंग से रखा जा सकता है । यदि उन्होंने इस सबका ध्यान रखा तो निश्चित तौर पर सदन के संचालन में किसी प्रकार की कोई बाधा हो ही नहीं सकती । लेकिन कभी-कभी ऐसा भी देखने में आया है कि हमारे बहुत से माननीय सदस्य गलती में अपनी बात को न मान कर अनियमित ढंग से और मनमाने ढंग से सदन में बोलने का प्रयास करते हैं, उस समय अवश्य

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया ।

उस समय अवश्य ही एक ऐसा अवसर आता है जब अध्यक्ष पीठ को उसमें हस्तक्षेप करना ही पड़ता है। लेकिन मुझे विश्वास है कि हमारे सदन के हर दल के नेता ऐसे हैं जिनको सदन का बहुत बड़ा अनुभव हैं।

निश्चित तौर से जैसा पहले भी होता रहा है अपने साथियों को वह सही रास्ता, सही मार्ग दर्शन देते रहेंगे जिससे उनको अपनी बात रखने में कठिनाई भी नहीं होगी और सदन का चलाना भी अच्छी तरह से होता रहेगा। मैं इस अवसर पर यह भी कहना चाहूंगा कि हमारे माननीय सदस्य इस बात का

[समय 4 बजे]

विशेष ध्यान रखेंगे कि जब कार्य मंत्रणा समिति की मीटिंग होगी उसमें भी यह निवेदन जरूर करूंगा कि प्रदेश की जो ज्वलंत समस्यायें हैं उनको तो सदन के संज्ञान में लाया ही जाय, सदन के पटल पर रखा ही जाय लेकिन हमारे बहुत से माननीय सदस्य जो प्रश्न प्रहर में अपने क्षेत्र और प्रदेश की बहुत सी ऐसी समस्यायें रखा करते हैं जिनका अपने में एक विशेष स्थान है, तो उस प्रश्न प्रहर को बाधित न किया जाय। प्रश्न प्रहर जब बाधित होता है तो वह सारी समस्यायें जिनमें बहुतों का निराकरण होना ज्यादातर सम्भव है, उनका निराकरण नहीं हो पाता है। बहुत से लोगों को मनमानी करने का मौका मिल जाता है। मैं यह जरूर अपेक्षा करूंगा कि प्रश्न प्रहर बाधित न किया जाय। इसके साथ ही साथ मैं पुनः अपने सभी दलों के नेताओं को, माननीय सदस्यों को धन्यवाद देता हूं, कृतज्ञता प्रकट करता हूं, आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने इस गरिमामय पद पर मुझे आसीन किया और प्रदेश की बहुत सी समस्याओं के निराकरण के लिये भागीदार बनाया।

कार्य मंत्रणा समिति हेतु सदस्यों के नाम-निर्देशन की सूचना

श्री अध्यक्ष--

अब मैं एक सूचना आप सबके सामने प्रस्तुत कर रहा हूं।

उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 1958 के नियम 223(1) के अन्तर्गत कार्य-मंत्रणा समिति (1993-94) में मैंने निम्नलिखित की समिति के सदस्य के रूप में नाम-निर्दिष्ट किया है :--

(1) श्री बेनी प्रसाद वर्मा, माननीय संसदीय कार्य तथा लोक निर्माण मंत्री।

(2) श्री राम लखन वर्मा, माननीय पंचायती राज मंत्री।

(3) श्री बलराम यादव, माननीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री।

(4) डा० मसूद अहमद, माननीय माध्यमिक शिक्षा मंत्री।

(5) श्री अशोक बाजपेयी।

(6) श्री शिव कुमार बेरिया।

(7) श्री राम प्रकाश त्रिपाठी।

(8) श्री राम कुमार वर्मा।

(9) श्री प्रमोद तिवारी।

(10) श्री ऊदल।

अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, विधान सभा उक्त नियमावली के नियम 223(1) के अन्तर्गत पदेन सभापति एवं पदेन सदस्य होंगे ।

उक्त समिति की बैठक आज दिनांक 15 दिसम्बर, 1993 को सदन के उठने के तुरन्त पश्चात् कक्ष संख्या 15, विधान भवन, लखनऊ में आयोजित की गयी है । समिति के माननीय सदस्यगण से अनुरोध है कि वे कृपया समिति की उक्त बैठक में पधारने का कष्ट करें ।

सदन में विधायक सीट पर बैठे अजनबी व्यक्ति को क्षमा किये जाने का प्रस्ताव

श्री अध्यक्ष–

मार्शल द्वारा सूचना दी गयी कि आज दिनांक 15 दिसम्बर, 1993 को लगभग 3.35 बजे अपराह्न जब माननीय अध्यक्ष, विधान सभा के निर्वाचन का कार्यक्रम सम्पन्न हो चुका था तथा श्री राम लखन वर्मा, नेता बसपा नवनिर्वाचित माननीय अध्यक्ष के प्रति अपना धन्यवाद व्यक्त कर रहे थे, यह ज्ञात हुआ कि एक व्यक्ति पत्रकार दीर्घा के ठीक सामने सदन में आकर माननीय सदस्यों के लिये निर्धारित आसन पर कतिपय सदस्यों के बीच बैठा हुआ है । उक्त सूचना पर मैंने डिप्टी मार्शल विधान सभा को इस तथ्य की पुष्टि करने एवं संबंधित व्यक्ति के बारे में यथास्थिति जानकारी करने के लिये आदेशित किया । उक्त व्यक्ति के निकट बैठे कतिपय माननीय सदस्यों से जानकारी करने पर इस तथ्य की पुष्टि हुई कि वह व्यक्ति सदन का सदस्य नहीं है और अजनबी व्यक्ति है । उस व्यक्ति ने पूछा के दौरान हरौड़ा विधान सभा क्षेत्र, जनपद सहारनपुर का निर्वाचित सदस्य श्री मोहर सिंह के रूप में अपने को होना बताया । जब काफी छानबीन की गयी तो इस तथ्य की पुष्टि हो गयी कि वह व्यक्ति गलत सूचना दे रहा है तथा निर्वाचित सदस्य नहीं है, उसे सभा मण्डप से डिप्टी मार्शल एवं अन्य सुरक्षा कर्मचारियों की सहायता से हटा लिया गया । इस समय वह व्यक्ति सदन के निर्णय की प्रत्याशा में मेरी अभिरक्षा में है । भारत के संविधान के अनुच्छेद 193 के अन्तर्गत उक्त व्यक्ति ने चूंकि दण्डनीय अपराध किया है, अतः संविधान की उपर्युक्त व्यवस्था के अनुसार उसके विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु यह टिप्पणी प्रेषित की जा रही है ।

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)–

मान्यवर, आपने जो सूचना दी है, उसके अनुसार उस व्यक्ति ने दण्डनीय अपराध किया है, लेकिन आज का दिन शुभ दिन है । आप आज ही के दिन उस गौरवमय पद पर आसीन हुए हैं, इसलिये मैं प्रस्ताव करता हूं कि उस व्यक्ति को क्षमादान दे दिया जाये ।

(प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ ।)

श्री अध्यक्ष–

माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा किये गये प्रस्ताव के अनुसार उस व्यक्ति को क्षमा किया जाता है ।

अब हम उठते हैं, कल 12.30 बजे फिर बैठेंगे ।

(इसके बाद सदन 4 बजकर 13 मिनट पर अगले दिन के 12.30 बजे तक के लिये स्थगित हो गया ।

लखनऊ :
15 दिसम्बर, 1993

प्रेम चन्द्र सक्सेना,
सचिव,
उत्तर प्रदेश ।

पी० एस० यू० पी०–एल- 122 विधान सभा (213)–1994–813 (डी० टी० पी०) ।